Total No. of Questions—15] [Total No. of Printed Pages—3

# T—8006

## HINDI (General)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 50

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक के उत्तरों की शब्द सीमा 30 शब्द है।

(3) प्रश्न क्रमांक 5 से 9 तक के उत्तरों की शब्द सीमा 50 शब्द है।

1. ''रामचरण विनम्र एवं आज्ञाकारी बालक था''—इस कथन की पुष्टि कीजिए। 2

2. ईर्ष्या किस रूप में हमारे लिए लाभदायक बन सकती है? 2

3. ''ममता'' कहानी के आदर्शों का उल्लेख कीजिए। 2

**अथवा**

मंगला प्रसाद पारितोषित प्राप्त करने के पश्चात् शुक्ल जी के समक्ष क्या समस्या उत्पन्न हुई?

4. जग सुन्दर है मानव स्वार्थग्रस्त है, इस भाव भूमि को 'सत्कर्तव्य' कविता के माध्यम से व्यक्त कीजिए। 2

5. मीरा के अनुसार काल-व्याल से बचने का क्या उपाय है? 3

**अथवा**

अनिच्छा होने पर भी व्यंग्यकार को स्टेशन तक क्यों जाना पड़ा?

6. 'तौलिए' एकांकी के माध्यम से 'अश्क' जी ने कौन सा संदेश देना चाहा है? 3

7. 'जीना हो तो मरना सीखो' में कवि बैरागी जी ने क्या प्रेरणा (शिक्षा) दी है ? 3

अथवा

भारतीय संस्कृति के मूल स्रोत में अहिंसा का क्या स्थान है ?

8. कर्तव्य से आप क्या समझते हैं ? कर्तव्य पालन में आने वाली बाधाओं का उल्लेख कीजिए। 3

9. ''सीमा-रेखा'' शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 3

10. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2

(1) कलई खुलना

(2) अंधे की लाठी।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 2

(1) आशा

(2) अनुराग।

11. (अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(1) आपका हस्ताक्षर सुन्दर है।

(2) रविवार के दिन अवकाश रहता है।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

(1) आँख

(2) आकाश।

12. (अ) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए : 2

(1) सभी छात्र उत्तीर्ण हो गये हैं। (प्रश्नवाचक)

(2) माली फूल लाता है। (आदेशात्मक)

(ब) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 2

(1) जो कम बोलता हो।

(2) जिसे अक्षरों का ज्ञान हो।

13. निम्नलिखित गद्यांश को सावधानीपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

अपने उत्तरदायित्व का ज्ञान बहुधा हमारे संकुचित व्यवहारों का सुधारक होता है। जब हम राह भूलकर भटकने लगते हैं, तब यही ज्ञान हमारा विश्वसनीय पथ प्रदर्शक बनता है। उत्तरदायित्व का ज्ञान ही उचित अनुचित कार्यों का बोध कराता है।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

14. अपने मित्र को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक बधाई-पत्र लिखिए। 3

**अथवा**

अपनी शाला के प्राचार्य महोदय को शुल्कमुक्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 8

(1) विद्युत-संकट

(2) कम्प्यूटर शिक्षा

(3) पर्यावरण एवं प्रदूषण

(4) शाला का वार्षिकोत्सव।